# भा.कृ.अनु.प.-भा.कृ.सां.अ.सं.

खण्ड 20 संख्या 03

# समाचार

अक्टूबर-दिसंबर, 2015



- अनुसंधानिक उपलब्धियाँ
- गतिविधियों के परिदृश्य
- सहभागिता
- मानव संसाधन विकास
- प्रकाशन
- परामर्शी सेवाएँ
- पुरस्कार एवं सम्मान
- प्रस्तुत व्याख्यान
- कार्मिक




## निदेशक की कलम से . . .

समाचार पत्र के इस अंक में प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान प्रमुख अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संबंधी उपलब्धियों एवं संस्थान की अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया है।

शिक्षण प्रबंधन प्रणाली सीआईएफई (एएमएस-सीआईएफई), एक वेब समर्थित प्रणाली और प्रबंधन प्रणाली के अनुरूप द्वितीय प्रणाली: पीजी स्कूल आईएआरआई, का शुभारंभ दिनांक 18 दिसंबर, 2015 को भाकृअनुप-सीआईएफई, मुम्बई और भाकृअनुप-भाकृसांअसं, नई दिल्ली की संयुक्त परियोजना की लाँच कार्यशाला में उपमहानिदेशक (शिक्षा), भाकृअनुप द्वारा की गई। इस प्रणाली से शिक्षण प्रणाली की समग्र कार्यदक्षता बढ़ेगी तथा छात्रों के लिए ई-शिक्षण की सुविधा उपलब्ध होगी। इसे भाकृसांअसं में भाकृअनुप डाटा सेंटर में HTTP: amscife.icar.gov.in से ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है।

कुत्तों के स्वास्थ्य के विभिन्न आयामों पर चरणवार सूचना का प्रसार करने हेतु मल्टीमीडिया समर्थित एंड यूजर इंटरफेस, डॉग हैल्थ मेनेजमेंट ट्रेनर (डीएचएमटी) विकसित किया गया। इसमें चार माड्यूल हैं, यानी ब्रीड डाटाबेस सामान्य सूचना, प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल तथा टीकाकरण कीटाणुरहित।

सात प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, अर्थात् राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली प्रशिक्षण अकादमी (एनएसएसटीए), सीएसओ द्वारा प्रायोजित तीन कार्यक्रम; भाकृअनुप के शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित दो कार्यक्रम तथा भाकृअनुप-भाकृसांअसं, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम। इसके अलावा, 6 राष्ट्रीय कार्यशालाओं और एक हिंदी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा अनेक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए गए। यह संस्थान के लिए गौरव की बात है कि डॉ. सीमा जग्गी ने आईएनएसए शिक्षक पुरस्कार 2015, डॉ. अर्पण भौमिक ने डॉ. जी आर सेठ युवा वैज्ञानिक पुरस्कार, डॉ. सारिका ने विशिष्ठ वैज्ञानिक पुरस्कार, डॉ. एम ए इकबाल ने "युवा वैज्ञानिक पुरस्कार" तथा डॉ. अलका अरोड़ा ने सक्रिय सहभागिता पुरस्कार, महिला सदस्य 2014-15 प्राप्त किया।

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान संस्थान द्वारा तीन परियोजनाएँ आरंभ की गई। संस्थान के वैज्ञानिकों ने 18 अनुसंधान शोधपत्रों, एक लोकप्रिय लेख, चार प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा एक कार्यशाला दस्तावेज प्रकाशित किया गया। इसके अतिरिक्त, वैज्ञानिकों द्वारा 15 आमंत्रित व्याख्यान दिए गए। इसके अतिरिक्त, संस्थान के वैज्ञानिकों ने विभिन्न सम्मेलनों/ संगोष्ठियों/ कार्यशालाओं आदि में सहभागिता की।

आशा है कि इस अंक की विषय-वस्तु राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली (एनएआरईएस) के वैज्ञानिकों के लिए सूचनाप्रद एवं उपयोगी होगी। समाचार-पत्र की विषय-वस्तु में सुधार लाने हेतु आपके सुझावों का स्वागत है।

यू. सी. सूद

(यू. सी. सूद)

भा.कृ.अनु.प.-भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार
खण्ड 20 संख्या 03 अक्टूबर-दिसंबर, 2015


## अनुसंधानिक उपलब्धियाँ

- **शिक्षण प्रबंधन प्रणाली सीआईएफई (एएमएस-सीआईएफई) :** शिक्षण प्रबंधन प्रणाली सीआईएफई (एएमएस-सीआईएफई) का शुभारंभ दिनांक 18 दिसंबर, 2015 को भाकृअनुप-सीआईएफई, मुम्बई और भाकृअनुप-भाकृसांअसं, नई दिल्ली की संयुक्त परियोजना की लाँच कार्यशाला में उपमहानिदेशक (शिक्षा), भाकृअनुप द्वारा की गई। डॉ. गोपाल कृष्ण, निदेशक, सीआईएफई ने परियोजना के प्रमुख अन्वेषक, डॉ. एस जहांगिरधर और भाकृअनुप- भाकृसांअसं के सीसीपीआई, सुदीप मारवाह ने सिस्टम के ब्रोशर का विमोचन किया। सिस्टम को भाकृसांअसं में भाकृअनुप के डाटा सेंटर से http://amscife.icar.gov.in पर ऑनलाइन एक्सेस उपलब्ध कराया गया। एएमएस-सीआईएफई दूसरी प्रणाली है जिसे प्रबंधन प्रणाली: पीजी स्कूल आईएआरआई तर्ज पर शुरू किया गया। यह दोनों प्रणालियाँ स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए प्रबंधन प्रणाली (एमएस-पीजीई) पर आधारित हैं, जिनका उपयोग इन प्रणालियों के लिए आधार प्रौद्योगिकी के रूप में किया गया।



  एएमएस-सीआईएफई विश्वविद्यालय की विभिन्न शिक्षण गतिविधियों के प्रबंधन के लिए एक वेब समर्थित प्रणाली हैं। यह प्रणाली विभिन्न प्रयोक्ताओं जैसे कि डीन, रजिस्ट्रार, प्रभागाध्यक्षों, मार्गनिदेशकों, संकाय, शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों तथा कर्मियों को सौंपे गए कार्यों का निष्पादन करने के लिए आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। इस प्रणाली में सीआईएफई के संभी संकाय सदस्य और छात्र पंजीकृत हैं। सीआईएफई द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न पाठ्यक्रमों को क्रेडिट विवरणों तथा संबंधित पाठ्यक्रमों के लिए आबंटित संकाय के साथ प्रविष्ट किया गया। छात्रों ने दूसरे सेमिस्टर के पंजीकरण के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरे तथा संबंधित पाठ्यक्रम लीडरों और मार्गनिर्देशकों ने पंजीकृत पाठ्यक्रमों का ऑनलाइन अनुमोदन दिया। संकाय ने भी अपने संबंधित पाठ्यक्रमों के विस्तृत विषयवस्तु को ऑनलाइन अपलोड करना आरंभ कर दिया है। प्रणाली का पूर्णरूप से क्रियान्वयन किए जाने के पश्चात शिक्षण प्रणाली की समग्र कार्यदक्षता बढ़ेगी। इसके साथ-साथ इससे छात्रों को ई-शिक्षण में सुविधा भी प्राप्त होगी।

- **कुत्तों के स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए इलेक्ट्रॉनिक लर्निंग और डायग्नोस्टिक मॉड्यूलों का विकास और अनुप्रयोग :** कुत्ते के स्वास्थ्य के विभिन्न आयामों पर सूचना का प्रसार करने हेतु डॉग हेल्थ मेनेजमेंट ट्रेनर (डीएचएमटी) विकसित किया गया। मल्टीमीडिया




भा.कृ.अनु.प.–भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार
खण्ड 20 संख्या 03 अक्टूबर–दिसंबर, 2015

समर्थित एंड यूजर इंटरफेस को चार मॉड्यूलों में वर्गीकृत किया गया है, अर्थात् ब्रीड डाटाबेस, सामान्य सूचना, प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल तथा टीकाकरण एवं कीटाणुरहित। यह प्रणाली कुत्ते के स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण आयामों के बारे में एंड यूजर को चरणवार सूचना उपलब्ध कराती है।

इस प्रणाली का आईएआरआई पॉलीक्लिनीक में 100 यूजरों का साक्षात्कार कर एक सर्वेक्षण के जरिए मूल्यांकन किया गया। यूजरों को प्रणाली के चार प्राचलों, अर्थात् संपूर्णता, उपयोगिता, यूजर फ्रेण्डलीनेस और अभिरुचि पर उनकी मनोवृत्ति का मूल्यांकन करने हेतु प्रणाली का प्रदर्शन दिखाया गया (चित्र 1) और प्रणाली में यह पाया गया कि 81 प्रतिशत प्रतित्युत्तरों ने कहा कि प्रणाली 'पूर्ण' है, 57 प्रतिशत ने कहा कि प्रणाली 'उपयोगी' है और 67 प्रतिशत ने कहा कि प्रणाली 'यूजर फ्रेण्डली' है तथा 60 प्रतिशत ने कहा कि प्रणाली 'रुचिकर' है। प्रणाली के क्रय के संबंध में 87 प्रतिशत डॉग ऑनर्स ने प्रणाली को खरीदने में गहरी रुचि दिखायी तथापि वह इसे 250 रुपयों से कम की लागत पर खरीदना चाहते थे।


यह कुत्ते के स्वास्थ्य के लिए विशेषज्ञ तंत्र का पहला वर्जन है। इस तंत्र में कुत्तों के 48 रोगों पर विशिष्ठ सूचना उपलब्ध कराई गई है। यूजर को तंत्र में लॉगइन कर विभिन्न रोगों के लिए उपलब्ध कराई गई ड्राप डाउन सूची से रोग के लक्षणों का सिलेक्ट करना होगा




चित्र 1. डीएचएमटी प्रणाली के बारे में परसेप्शन

और उनके नियंत्रण एवं निवारण के लिए आवश्यक सूचना प्राप्त करनी होगी (चित्र 2)। चयनित लक्षणों के आधार पर तंत्र अस्थायी तौर पर रोग की पहचान कर लेता है। यह रोग के बारे में विस्तृत सूचना, अर्थात् जातिवृत्ति, क्लीनिक लक्षण, नैदानिक, निवारणीय और नियंत्रण के बारे में विशिष्ठ सूचना उपलब्ध कराता है। यदि तंत्र किसी रोग की पहचान करने में असफल रहता है तो तंत्र डॉक्टर से परामर्श लेने के सलाह देता है।

मॉड्यूल्स को जेएसओएन, सीएसएस3 और जावास्क्रीप सहित अत्याधुनिक वेब प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विकसित किया गया। इनडेक्स्ड डीबी का प्रयोग करते हुए डाटाबेस सृजित किया गया।




चित्र 2. विभिन्न रोगों और उनके नियंत्रण और निवारण के लिए ड्रॉप डाउन सूची

# भा.कृ.अनु.प.-भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खण्ड 20 संख्या 03 अक्टूबर-दिसंबर, 2015


## पुरस्कार एवं सम्मान

- डॉ. सीमा जग्गी ने दिनांक 28-30 दिसंबर, 2015 के दौरान भारतीय विज्ञान, शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), भोपाल में आयोजित अकादमी की वर्षगांठ महासभा में आईएनएसए शिक्षक पुरस्कार 2015 प्राप्त किया।



- डॉ. अलका अरोड़ा ने सीएसआई चेप्टर गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए दिनांक 5 दिसंबर, 2015 को भारतीय कंप्यूटर सोसायटी से सक्रिय सहभागिता पुरस्कार, महिला सदस्य 2014-15 प्राप्त किया।
- डॉ. संस्थान के निम्नलिखित वैज्ञानिकों ने दिनांक 05-06 अक्टूबर, 2015 के दौरान आयोजित एसएचआईएटीएस, इलाहाबाद में कृषि एवं स्वास्थ्य में जैवसूचना विज्ञान गतिविधियों पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एनसीबीपीएएच 2015) में जैवसूचना विज्ञान और जीवविज्ञान सोसायटी, इलाहाबाद से पुरस्कार प्राप्त किए :
  1. डॉ. सारिका ने जैवसूचना विज्ञान के क्षेत्र में मेधावी और उत्कृष्ट वैज्ञानिक योगदान देने के लिए "विशिष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार" के रूप में व्यक्ति विशेष पुरस्कार प्राप्त किया।
  2. डॉ. एम ए इकबाल ने जैवसूचना विज्ञान के क्षेत्र में मेधावी और उत्कृष्ट वैज्ञानिक योगदान देने के लिए "युवा वैज्ञानिक पुरस्कार" के रूप में व्यक्ति विशेष पुरस्कार प्राप्त किया।
  3. डॉ. सारिका और डॉ. एम ए इकबाल ने टण्डन, जी, जयसवाल, इकबाल, एम ए, सिंह, एस, राय, ए और कुमार, डी. द्वारा लिखित "टमाटर (*सोलेनुमलाइकोपरसिकम*) में जैविक दबाव से संबंधित जीनों के लिए इनसिलिको जीन पूर्वानुमान और उनके प्रमोटर के विश्लेषण" शीर्षक शोधपत्र के लिए तीसरे पुरस्कार के रूप में टीम पुरस्कार प्राप्त किया।
- डॉ. अर्पण भौमिक ने निम्नलिखित शोधपत्र के लिए दिनांक 14-16 दिसंबर, 2015 के दौरान कोटा विश्वविद्यालय, कोटा, राजस्थान में भारतीय कृषि सांख्यिकीय सोसायटी के 69वें वार्षिक सम्मेलन में डॉ. जी आर सेठ स्मृति युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त किया।
  भौमिक, ए, वर्गीस, ई, जग्गी, एस और वर्गीस, सी (2015) रन अनुक्रमों में न्यूनतम परिवर्तनों के साथ बहुउपादानी परीक्षण।




- डॉ. अनिल राय को कोयंबटूर में चाय के उत्पादन की लागत के आकलन के लिए पद्धति विकसित करने हेतु भारतीय चाय बोर्ड द्वारा एक तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया।
- डॉ. दिनेश कुमार ने जैवसूचना विज्ञान और जीवविज्ञान सोसायटी तथा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद के सहयोग से संगणनात्मक जीवविज्ञान और जैवसूचना विज्ञान, जेएसबीबी, एसएचआईएटीएस, इलाहाबाद द्वारा दिनांक 05-06 अक्टूबर, 2015 के दौरान एसएचआईएटीएस, इलाहाबाद में कृषि और स्वास्थ्य में जैवसूचना विज्ञान गतिविधियों पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एनसीबीपीएएच 2015) में एक सत्र की सह-अध्यक्षता की।
- डॉ. के एन सिंह ने कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़, कर्नाटक में फसल उपज पूर्वानुमान के लिए सांख्यिकी पद्धति के कार्यसमूह के सत्र की अध्यक्षता की।
- डॉ. ए के चौबे ने भाकृअनुप-भाकृसांअसं, नई दिल्ली में 07-13 दिसंबर, 2015 के दौरान कृषि में प्रौद्योगिकी प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा के लिए कक्षाएँ और परीक्षाएँ आयोजित करने हेतु समन्वयक के रूप में कार्य किया।

- भारतीय कृषि सांख्यिकी सोसायटी का 69वां वार्षिक सम्मेलन दिनांक 14–16 दिसंबर, 2015 के दौरान कोटा विश्वविद्यालय, कोटा, राजस्थान में आयोजित किया गया। संस्थान के वैज्ञानिक ने इस सम्मेलन में विभिन्न पदस्तरों पर सहभागिता की :
  - **"सांख्यिकी में मूल अनुसंधान में उभरते मुद्दे" पर सत्र**
    संयोजक: डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
  - **"बड़े पैमाने के कृज़ि आँकड़ों के संग्रहण और विश्लेषण मुद्दे" पर सत्र**
    संयोजक: डॉ. कौस्तव आदित्य
  - **"प्रौद्योगिकी पूर्वानुमान में सांख्यिकीय मुद्दे" पर सत्र**
    संयोजक: डॉ. के एन सिंह
    रेपोटियर: डॉ. आर के कौल
  - **"कृषि सांख्यिकी और सूचना विज्ञान में शिक्षण और प्रशिक्षण में नई चुनौतियाँ" पर सत्र**
    संयोजक: डॉ. सीमा जग्गी
    रेपोर्टियर: डॉ. अर्पण भौमिक
  - **"कृषि सूचना विज्ञान में उन्नतियाँ" पर सत्र**
    अध्यक्ष: डॉ. ए के चौबे
    संयोजक: डॉ. अनिल राय
    रेपोटियर: श्री प्रकाश कुमार
  - **"सांख्यिकीय मॉडलिंग" पर सत्र**
    रेपोटियर: श्री समरेन्द्र दास
  - **"प्रतिचयन सर्वेक्षणों और अनुप्रयोगों" पर सत्र**
    रेपोटियर: डॉ. ए के गुप्ता
  - **"परीक्षण अभिकल्पनाएँ" पर सत्र**
    अध्यक्ष: डॉ. अमृत कुमार पॉल
    रेपोटियर: डॉ. वी एन मंडल
  - **"सांख्यिकीय आनुवांशिकी/ सूचनाविज्ञान/ जैवसूचना विज्ञान" पर सत्र**
    अध्यक्ष: डॉ. अनिल राय
    संयोजक: डॉ. ए के पॉल
    रेपोर्टियर: डॉ. सुशील कुमार सरकार।
- डॉ. हुकुम चन्द्र ने दिनांक 20–22 दिसंबर, 2015 के दौरान पुणे में अंतरराष्ट्रीय भारतीय सांख्यिकीय संघ सम्मेलन 2015 "आईआईएसए 2015" में "लघु क्षेत्र आकलन में नवीनतम उन्नतियाँ" शीर्षक पर तकनीकी सत्र का आयोजन किया।
- डॉ. तौकीर अहमद को दिनांक 28 दिसंबर, 2015 को एम.एससी. (सुदूर संवेदन एवं जीआईएस) छात्रों के लिए प्रेक्टिकल/ वाइवा वोस परीक्षा आयोजित करने के लिए इंटरडिसिप्लेनरी मेथमेटिक्स विभाग, एएमयू, अलीगढ़ द्वारा आंतरिक परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया।
- डॉ. तौकीर अहमद को सांख्यिकीय एवं ऑपरेशन अनुसंधान विभाग, एएमयू, अलीगढ़ द्वारा दिनांक 28 दिसंबर, 2015 को पीएच.डी. सांख्यिकी और प्रचालन अनुसंधान छात्रों को यूजीसी बीसीआर फैलोशिप प्रदान करने के लिए साक्षात्कार आयोजित करने हेतु समिति में प्रख्यात वैज्ञानिक के रूप में नियुक्त किया गया।
- डॉ. अनिल राय को भारतीय कृषि विज्ञान जर्नल, भाकृअनुप, दिल्ली के संपादकीय बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया।
- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने दिनांक 14–15 दिसंबर, 2015 के दौरान भारतीय हैवीटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित बिग डॉटा बेंच मार्किंग पर 17वीं कार्यशाला के दौरान कृषि में बिग डाटा एनेलेसीस पर कार्यशाला आयोजित की (सह–अध्यक्ष: संजय चौधरी, राजेन्द्र प्रसाद और कर्मेशु)

### उत्कृष्ट शोधपत्र

- पंवार, एस, कुमार, ए, सिंह, के एन, गुरुंग, बी और राठौर, ए (2015)। गेहूँ उपज फसल के पूर्वानुमान में मौसम सूचकांक पद्धति। दिनांक 26-27 दिसंबर, 2015 के दौरान शिमला में आयोजित कृषि, बागवानी एवं पादप विज्ञान पर दूसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उत्कृष्ट शोधपत्र के लिए पुरस्कृत किया गया।

### विदेश दौरे

- डॉ. यू सी सूद और डॉ. तौकीर अहमद ने दिनांक 18-23 दिसंबर, 2015 के दौरान "मिश्रित, पुर्नरावृत्त और निरंतर फसलीकरण के अंतर्गत फसल क्षेत्र, उपज और उत्पादन का आकलन करने के लिए विधियों में सुधार लाने पर अनुसंधान" परियोजना के तहत प्राथमिक डाटा संग्रहण के लिए तथा लाइव डाटा संग्रहण का पर्यवेक्षण करने हेतु संगणकों और परिवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए संसाधन व्यक्ति के रूप में जर्कार्ता, इण्डोनेशिया का दौरा किया।

### आरंभ की गई नई परियोजना

- फसल जीन व्यंजक डाटा के वर्गीकरण के लिए जीन चयन (एजीईएनआईएएसआरआईएसआईएल 201503000067), समरेन्द्र दास, प्रबीन कुमार मेहर, आर के पॉल, यू के प्रधान (20.10.2015-19.10.2018)।
- लाम्बिक और नेस्टेड लाम्बिक लेटिन हाइपरक्यू अभिकल्पनाओं का ऑनकंस्ट्रक्शन (एजीईएनआईएएसआरआईएसआईएल 201503200069), सुकांत दाश, राजेन्द्र प्रसाद, बी एन मंडल, सुशील कुमार सरकार (16.11.2015-15.11.2018)।
- स्टॉकेस्टिक भिन्नात्मक समानता मॉडल और कृषि में उनके अनुप्रयोग (एसईआरबी, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोज़ित) (एजीईएनआईएएसआरसीओपी 201603400071), पूर्व इमेरिटस वैज्ञानिक, भाकृअनुप: प्रज्ञेषु, भाकृसांअसं, नई दिल्ली: हिमाद्री घोष, एल एम भर (06.11.2015-05.11.2018)।

## मानव संसाधन विकास

### आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम/ कार्यशालाएँ

| क्र.सं. | शीर्षक | स्थान | दिनांक | प्रायोजक | प्रतिभागियों की सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| | **प्रशिक्षण कार्यक्रम** | | | | |
| 1. | एमआईएस-एफएमएस का वित्तीय मॉड्यूलस<br>मन्वयक: डॉ. मुकेश कुमार<br>डॉ. एन एस राव | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 05-07 अक्टूबर और 12-14 अक्टूबर, 2015 | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 36 |
| 2. | फसल उपज आकलन में मॉडलों के उपयोग पर अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम<br>पाठ्यक्रम निदेशक: डॉ. हुकुम चन्द्र<br>पाठ्यक्रम सह-निदेशक: डॉ. राजू कुमार | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 02-06 नवंबर, 2015 | एनएसएसटीए, सीएसओ* एमओएस एवं पीआइ भारत सरकार, नई दिल्ली | 08 |
| 3. | लघु क्षेत्र आकलन तकनीकों एवं अनुप्रयोग पर एक पुनश्चर्या पाठयक्रम<br>पाठ्यक्रम निदेशक: डॉ. हुकुम चन्द<br>पाठ्यक्रम सह-निदेशक: डॉ. कौस्तव आदित्य | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 16-20 नवंबर, 2015 | एनएसएसटीए, सीएसओ* एमओएस एवं पीआई, भारत सरकार, नई दिल्ली | 18 |
| 4. | जैवसूचना विज्ञान पर शीतकालीन स्कूल और उच्च डायमेस्नल जिनोम डाटा विश्लेषण<br>पाठ्यक्रम निदेशक: डॉ. ए राव<br>पाठ्यक्रम सह-निदेशक: डॉ. पी के मेहर | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 25 नवंबर से 15 दिसंबर, 2015 | भाकृअनुसं, नई दिल्ली | 20 |
| 5. | पीजी स्कूल, आईएआरआई के विभिन्न विषयों में पीएच.डी. छात्रों के लिए परीक्षणात्मक डाटा विश्लेषण पर पाँच दिवसीय कार्यशाला<br>समन्वयक: डॉ. सीमा जग्गी<br>डॉ. एल्दो वर्गीस | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 07-11 दिसंबर, 2015 | पीजी स्कूल, भाकृअप नई दिल्ली | 20 |
| 6. | कंप्यूटर एल्गोरिथ्म और सीएएफटी के अंतर्गत कृषि में सांख्यिकी सॉफ्टवेयर पैकेजों के अनुप्रयोग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम<br>पाठ्यक्रम निदेशक: डॉ. संगीता आहूजा | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 18 दिसंबर, 2015 से 07 जनवरी, 2016 | शिक्षा प्रभाग, भाकृअनुसं, नई दिल्ली | 25 |

| क्र.सं. | शीर्षक | स्थान | दिनांक | प्रायोजक | प्रतिभागियों की सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. | राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली अकादमी (एनएसएसटीए) द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय शिक्षा केंद्र (आईएसईसी), कोलकाता के आधिकारिक सांख्यिकी और संबंधित पद्धति पर 69वाँ नियमित टर्म कोर्स 2015 के प्रतिभागियों के लिए भाकृसांअसं के कार्यों और गतिविधियों पर प्रशिक्षण<br>कार्यक्रमसमन्वयक: डॉ. सीमा जग्गी | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 31 दिसंबर, 2015 | एनएसएसटीए, सीएसओ* एमओएस एवं पीआई, भारत सरकार, नई दिल्ली | 17 |
| | **कार्यशालाएँ** | | | | |
| 8. | ऑन-स्टेशन और ऑन-फॉर्म डाटा विश्लेषण पद्धति को अंतिम रूप देने के लिए कृषि प्रणाली अनुसंधान में सांख्यिकी मुद्दों पर एआईसीआरपी-आईएफएस के अंतर्गत भाकृअनुप-भाकृसांअसं और भाकृअनुप-आईआईएफएसआर की संयुक्त कार्यशाला<br>समन्वयक: डॉ. अनिल कुमार | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 24 नवंबर, 2015 | एआईसीआरपी-आईएफएस | 31 |
| 9. | कृषि फील्ड परीक्षण सूचना प्रणाली (एएफईआरएस) परियोजना की कार्यशाला<br>समन्वयक: डॉ. सुशील कुमार सरकार | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 05-06 नवंबर, 2015 | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 26 |
| 10. | भाकृअनुप के विभिन्न एसेम्बली के कार्मिकों के लिए एकीकृत संचार पर कार्यशाला<br>समन्वयक: डॉ. अलका अरोड़ा<br>डॉ. एन श्रीनिवास राव | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 06 नवंबर, 2015 | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 26 |
| 11. | चार स्थानों पर एकीकृत संचार समाधान पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण<br>कार्यशाला समन्वयक: | | | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | |
| | डॉ. मुकेश कुमार<br>श्री सुभाष चन्द | एनएएआरएम हैदराबाद | 05 दिसंबर, 2015 | | 30 |
| | डॉ. सुदीप<br>श्री राकेश सैनी | सीआईएफई, मुम्बई | 16 दिसंबर, 2015 | | 86 |
| | डॉ. अलका अरोड़ा<br>श्री सुभाष चन्द | सीआईएफआरआई, कोलकाता | 18 दिसंबर, 2015 | | 35 |
| | श्री राकेश सैनी<br>श्री सुभाष चन्द | आईवीआरआई, बरेली | 22 दिसंबर, 2015 | | 102 |
| 12. | भाकृअनुप-भाकृसांअसं के तकनीकी कर्मियों के लिए हाइपोथिसीस के परीक्षण पर हिंदी में<br>कार्यशाला समन्वयक: डॉ. एल्दो वर्गीस<br>डॉ. सुनील यादव | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 14 दिसंबर, 2015 | भाकृअनुसं- भाकृसांअसं, नई दिल्ली | 16 |

*राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली प्रशिक्षण अकादमी (एनएसएसटीए), केंद्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, सांख्यिकीय और कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

## गतिविधियों के परिदृश्य

### दिए गए सेमिनार

संस्थान के वैज्ञानिकों और छात्रों द्वारा कृषि सांख्यिकी, संगणक अनुप्रयोग और जैवसूचना विज्ञान के अनेक क्षेत्रों में सेमिनार प्रदान किए गए। इन सेमिनारों में संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा पूर्ण की गई अनुसंधान परियोजना के प्रमुख निष्कर्षों और नई परियोजना प्रस्ताव पर प्रस्तुतीकरण, एम.एससी. एवं पीएच.डी. (कृषि सांख्यिकी), एम.एससी. (संगणक अनुप्रयोग) और एम.एससी. (जैव-सूचना विज्ञान) के छात्रों के शोध प्रबंध/ ओआरडब्ल्यू/ पाठ्यक्रम सेमिनार शामिल थे।

**प्रस्तुत किए गए सेमिनारों का विवरण**

| श्रेणी | सेमिनार का विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| छात्र | पाठ्यक्रम | 21 |
| | ओआरडब्ल्यू | 07 |
| | शोध प्रबंध | 07 |
| अतिथि | | 02 |
| विविध | | 01 |
| **कुल** | | **38** |

दो अतिथि सेमिनार दिए गए, एक सेमिनार दिनांक 21.12.2015 को "ऑटिज्म में एफएमआरआई डाटा का प्रयोग करते हुए न्यूरो-कनेक्टिविटी विश्लेषण में सांख्यकीय पद्धतियां" डॉ. दूलल के. भौमिक, निदेशक, बीआरसी इलीनोइश यूनिवर्सिटी द्वारा और दूसरा दिनांक 26.12.2015 को "माइ एसोसिएशन विद् यूएसडीएज़ एनएएसएस" पर डॉ. बाल गोविंद नंदराम, सांख्यिकीय प्रोफेसर, वार्सेस्टर पॉलीटेक्नीक इंस्टीट्यूट, यूएसए द्वारा दिया गया।

## प्रकाशन

### शोध-पत्र

- अहमद, टी, बठला, एचवीएल, राय, ए एवं साहू, पी एम (2015)। हिमाचल प्रदेश में बागवानी फसलों के क्षेत्र और उत्पादन का आकलन। *एडवा.एप्पल.रेस.* **7(1)**, 1-8.
- अहमद, टी, साहू, पी एम एवं जैली, एस के (2015)। उच्च रिजोल्यूशन सेटलाइट डाटा का प्रयोग करते हुए कृषि वानिकी के अंतर्गत क्षेत्र का आकलन। *एग्रोफोरेस्ट.सिस्ट,* डीओआई 10.1007/एस 10457-015-9854-2.
- बर्धन, एस आर, राव, ए आर, मेहर, पी के, मारवाह, एस, वाही, एस डी (2015)। लवण दबाव सहिष्णु चावल (*ओराइजासेटाइवा*) जननद्रव्य में कोर सेट विकास के लिए एक उपयुक्त गुच्छन विधि और आबंटन कार्यनीति की पहचान। *इंड,जे.एग्रिल,साइं.,* **85(12),** 1560-1564.
- दास, एस, पाण्डे, पी, राय, ए एवं महापात्रा, सी (2015)। चावल (*ओराइजासेटाइवा*) में लवणीय अनुक्रिया के लिए जीन रेगूलेटरी नेटवर्कों के निर्माण हेतु एक संगणनात्मक प्रणाली जीवविज्ञान पद्धति। *इंड.जे.एग्रिल,साइं.,* **85(12),** 1546-1552.
- दत्ता, ए, जग्गी, एस, वर्गीस, सी एवं वर्गीस, ई (2015)। प्रति सैल बहुइकाइयों के साथ पंक्ति-स्तंभ अभिकल्पनाओं की कुछ श्रृष्टंखलाएँ। *कल.,स्टेटिस्टि.,एसो.,बुल,*६७ **( २६५-२६६ ),** 89-99.
- घोष, एच, चौधरी, एस एवं प्रज्ञेषु (2015)। एल-आर फज्ज़ी सेटों के पूर्वानुमान के आधार पर एक उन्नत फज्ज़ी काल श्रृंखला विधि और उसका अनुप्रयोग। *जे.एप्पल. स्टेटिस्टि. (ऑनलाइन).*
- कुमार, ए, वर्गीस, सी, वर्गीस, ई एवं जग्गी, एस (2015)। पशु परीक्षणों के लिए अनियमित सुडोक्यू-टाइप अभिकल्पनाएँ। *इंड. जे. एनिम. साइं.,* **85(9),** 1046-1050.
- कुमार, आर आर, गोस्वामी, एस. शर्मा, एस के, कला, वाई के, राय, जी के, मिश्रा, डी सी, ग्रोवर, एम, सिंह, जी पी, पाठक, एच, राय, ए चिन्नास्वामी, वी, राय, आर डी (2015)। जलवायु परिवर्तन में आगामी पीढ़ी अनुक्रमण का दोहन : गेहूँ (*ट्राइटिकुमअस्टिवम एल.*) में ताप दबाव-अनुक्रियाशील जीनों का आरएनए-सेक विश्लेषण। *ओमिक्स:जे. इंटेग्रेटिव बॉयो.,* डीओआई : 10.1089/ओएमआई. 2015.0097.
- पाल, एस एवं मजूमदार, डी (2015)। पश्चिम बंगाल, भारत के गंगा क्षेत्रों में मानसून के दौरान मासिक वर्ज़ा मात्रा की स्टॉकेस्टिक मॉडलिंग। *नेचरएनवॉय. पॉपुलेशन टेक.,* **14(4),** 951-956.
- पाल, एस, मजूमदार, डी एवं चक्रवर्ती, पी के (2015)। पश्चिम बंगाल, भारत के गंगा क्षेत्रों में पिछली शताब्दी में वर्षा प्रवृत्ति का जिलावार प्रवृत्ति विश्लेषण। *जे.एप्पल.नेचु. साइं.,* **7(2),** 750-757.
- पॉल, आर के, बिरथल, पी एस, पॉल, ए के एवं गुरुंग, बी (2015)। भारत में विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों में तापमान प्रवृत्ति। *मौसम,* **66(4),** 841-846.
- पॉल, आर के, गुरुंग, बी, सामंता, एस एवं पॉल, ए के (2015)। एआर-फिगार्च मॉडल का प्रयोग करते हुए मल्टीस्टेप अहेड आउट-ऑफ-सैम्पल पूर्वानुमान के साथ मसूर के स्पॉट मूल्य के उतार-चढ़ाव में लॉग मेमोरी की मॉडलिंग। *इको. अफेयर्स,* **60(3),** 457-466.
- पॉल, आर के, सक्सेना, आर, चौरसिया, एस, जिशन एवं राणा, एस (2015)। भारत में प्याज की घरेलू और निर्यात मूल्यों के बीच मूल्यों के उतार-चढ़ाव और लिंकेज में निर्यात उतार-चढ़ाव, संरचनात्मक बाधाओं की समीक्षा। *एग्रिल. इको. रेस. रेव.,* **28,** 101-116.
- रुद्रा, एस जी, जाखड़, एन, निषाद, जे. सैनी, एन, सेन, एस, भारद्वाज, आर, जयसवाल, एस, सुनेजा, पी, सिंह, एस एवं कौर, सी (2015)। ज्वार, जौ और कुल्थ आधारित स्नेक की एक्सट्रूजन स्थिति और एंटीऑक्सीडेंड प्रॉपर्टीज। *इंड. जे. प्लांट रेस.,* **28(2),** 171-182.
- सोम, एस, बर्मन, आर आर, शर्मा, जे पी, संगीता, वी, लेनिन, वी एवं इकबाल, एम ए (2015)। अंगूर के लिए बेहतर कृषि विधियों (जीएपी) पर हितधारकों की सूचना आवश्यकता का निर्धारण। *इंड. जे. एक्सटे. एजू.,* **51(3 एवं 4),** 8-12.
- ठाकरे, एम, वर्मा, एम के, सिंह, के, अवस्थी, ओ पी, वर्गीस, ई एवं शर्मा, वी के (2015)। किन्नू संतरा (*सिट्रसनोबेलिस × सिट्रस डैलीसायोसा*) के पोषण, फसल कटाई तारीख तथा उपज और गुणवत्ता पर फल केनोपी स्थिति का प्रभाव। *इंड. जे. एग्रिल. साइं.,* **85(11),** 1455-1460.

- वानी, एम एच, बजाज, एन एच, पॉल, आर के, शौकत, अल एवं भट्ट, ए (2015)। जम्मू और कश्मीर की अर्थव्यवस्था में अंतर-क्षेत्रक लिंकेज - एक अर्थमित्तीय विश्लेषण। *एग्रिल. इको. रेस. रेव.*, **28**, 11-24.
- भौमिक, अर्पण, वर्गीस, एल्दो, जग्गी सीमा, वर्गीस, सिनी, गहलौत, बी जे एवं बिन्दल, विजय (2015)। उपचारों के प्रभाव के सही आकलन हेतु उच्च क्रम नेबर संतुलित चक्रीय ब्लॉक अभिकल्पनाएँ,*भारतीय कृषि अनुसंधान पत्रिका*, **30(3)**, 155-158.

**पुस्तक**

- कृषि अनुसंधान में सांख्यिकी और सूचना विज्ञान। एक्सेल पब्लिशर्स, नई दिल्ली। (2015, संपा. सूद, यू सी, चन्द्रा, एच, भर, एल एम एवं सरकार, एस के)

**पुस्तक अध्याय**

- सांख्यिकी और गणित विज्ञान तथा उनके अनुप्रयोग, नीरज तिवारी द्वारा संपादित। नारोसा पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2015 (आईएसबीएन : 978-8487-520-1)
  - चन्द्र, एच। लघु क्षेत्र आकलन में बदलाव, 22-34.
  - जम्भुलकर, एन एन, लाल, के, प्रसाद, आर एवं गुप्ता, वी के (2015)। बहुस्तरीय परीक्षणों के लिए न्यूनतम विपथन भिन्नात्मक बहुउपादानी योजनाएँ।
  - मंडल, बी एन, गुप्ता, वी के एवं प्रसाद, आर। दूरी संतुलित प्रतिचयन योजनाएँ : एक ओवरव्यू। 74-81.
- कृषि अनुसंधान में सांख्यिकी और सूचना विज्ञान (संपा. यू सी सूद, एच. चन्द्रा, एल एम भर एवं एस सरकार, 2015), एक्सेल इण्डिया पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
  - आदित्य, के एवं सूद, यू सी। द्वि-स्तरीय प्रतिचयन के अंतर्गत उच्च क्रम केलीब्रेष्ठान आकलक, 141-149.
  - चन्द्र, एच, आदित्य, के, महेश्वरी, एस एवं पन्ना, एन आर। माइक्रो स्तरीय फसल उपज आकलन - लघु क्षेत्र आकलन तकनीक का एक अनुप्रयोग, 150-161.
  - गुहा, एस, चन्द्र, एच एवं सूद, यू सी। परिमित समष्टि टोटल के लिए आउटलायर रॉबस्ट सामान्यीकृत समाश्रयण आकलक, 183-193.
  - लाल, के, प्रसाद, आर एवं गुप्ता, वी के। विषमांगता मॉडल के अंतर्गत ट्रैंड-फ्री ब्लॉक अभिकल्पनाएँ, 215-226.
  - लामा, ए, झा, जी के, पॉल, आर के। संरचनात्मक ब्रेक के साथ गार्च मॉडल का प्रयोग करते हुए कृषि जिंस मूल्य में उतार-चढ़ाव की मॉडलिंग, 227-233.
  - गुरुंग, बी, पॉल, आर के, सिंह, के एन एवं पंवार, एस। काल-श्रृंखला विश्लेषण में पार्टिकल स्वाम इष्टतमीकरण तकनीक का प्रयोग, 240-243.
  - पॉल, एस एवं मजूमदार, डी। भारत में तापमान के दीर्घकालिक प्रवृत्ति का विश्लेषण, 244-259.
  - भारद्वाज, एस पी। दलहन फसलों के मूल्य में उतार-चढ़ाव का अध्ययन - मसूर अनाज का एक केस अध्ययन, 260-275.
  - चौबे, ए के, अरोड़ा, ए, मारवाह, एस, कुमार, एम, राव, एन एस, दहिया, एस, भारद्वाज, ए, इस्लाम, एस एन, सिंह, पी एवं आहूजा, एस। भाकृअनुप में उद्यम संसाधन नियोजन प्रणाली के जरिये ई-अभिशासन, 306-320.
  - कुमार, एम, चौबे, ए के, अरोड़ा, ए, मारवाह, एस, दहिया, एस, भारद्वाज, ए, राव, एन एस, इस्लाम, एस एन एवं आहूजा एस। भाकृअनुप में ई-मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली, 321-337.
  - अरोड़ा, ए, मारवाह, एस, एवं आलम, एकेएमएस। भाकृअनुप प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रभावकारी प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली।

**लोकप्रिय लेख**

- साहा, एन डी, साहा, पी, गुरुंग, बी एवं भौमिक, ए (2015)। सर्वर्धित फसल विकास के लिए पादप विकासमूलक रायजोबेक्टीरिया (पीजीपीआर) का अनुप्रयोग। *कृषि सेवा: भारतीय किसानों का कृषि सूचना हब*, http://www.krishisewa.com/articles/soil-fertility/636-pgpr-crop-growth.html. पर उपलब्ध।

**प्रशिक्षण मैनुअल/ ई-मैनुअल**

- लघुक्षेत्र आकलन तकनीकें और अनुप्रयोग। (2015, संपा. एच चन्द्र एवं के आदित्य)।
- फसल क्षेत्र आकलन में मॉडलों का प्रयोग। (2015, संपा. एच चन्द्र एवं राजू कुमार)।
- परीक्षण डाटा विश्लेषण (2015, संपा. सीमा जग्गी एवं एल्दो वर्गीस)।
- प्राकल्पना का परीक्षण (Testing of Hypothesis) (2015, संपा. एल्दो वर्गीस एवं सुनील कुमार यादव)।

**कार्यशाला डॉक्यूमेंट**

- वर्गीस, सी, दास, एस, भौमिक, ए और सरकार, एस के (2015)। आईएफएस पर एआईसीआरपी के अंतर्गत किसान भागीदारी कृषि प्रणाली अनुसंधान : पद्धति एवं सांख्यिकीय टूल, भाकृसांअसं प्रकाशन।

**दिए गए आमंत्रित व्याख्यान**

- दिनांक 13 अक्टूबर, 2015 को कृषि एवं खाद्य अभियांत्रिकी विभाग, आईआईटी खड़गपुर
  - पॉल, आर के। परिवर्तनशील फसल उपज में उतार-चढ़ाव के पूर्वानुमान के लिए सांख्यिकीय मॉडल।
- दिनांक 10-30 अक्टूबर, 2015 के दौरान उच्च शिक्षा परीक्षण केंद्र, सस्यविज्ञान विभाग, पंतनगर के तत्वावधान के अंतर्गत आयोजित बेहतर फसल उत्पादन के लिए टिलेज और पोषण गतिकियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम
  - प्रसाद, राजेन्द्र। (i) प्रभावशाली डाटा विश्लेषण के लिए सांख्यिकीय टूलों और तकनीकों में उन्नतियाँ और (ii) भारतीय एनएआरएस सांख्यिकीय संगणनात्मक पोर्टल सहित परीक्षण अभिकल्पनाओं पर वेब संसाधन।
- दिनांक 17 अक्टूबर, 2015 को भाकृअनुप-भाकृअसं, नई दिल्ली में सांख्यिकी क्रियाविधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम
  - प्रसाद, राजेन्द्र। (i) एसएएस का प्रयोग करते हुए विवरणात्मक सांख्यिकी एवं एसएएस की मूल बातें और (ii) एसएएस का प्रयोग करते हुए प्रसरण की महत्ता और विश्लेषण की जाँच।
- दिनांक 26-31 अक्टूबर, 2015 के दौरान महालोनोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केंद्र (एमएनसीएफसी), भारत सरकार, कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय में कृषि, सिंचाई और पशुधन मंत्रालय (मेल), अफ़गानिस्तान के कार्मिकों के लिए बेहतर गुणवत्ता वाले फसल सांख्यिकी प्राप्त करने हेतु सुदूर संवदेन के प्रयोग पर एफएओ प्रायोजित अध्ययन दौरा।
  - साहू, प्राची मिश्रा। पर्वतीय क्षेत्र फसल आकलन।
- दिनांक 02-07 नवंबर, 2015 के दौरान राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन, हैदराबाद में प्रजनन परीक्षणों के विश्लेषण के लिए मात्रात्मक तकनीकों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।
  - प्रसाद, राजेन्द्र। डायलल क्रॉस परीक्षणों की अभिकल्पना और विश्लेषण (गूगल हेंग आउट के जरिये प्रस्तुत किया गया आमंत्रित व्याख्यान)।
- दिनांक 16-20 नवंबर, 2015 के दौरान एमेटी यूनिवर्सिटी, नोएडा में आईएफएस अधिकारियों के लिए ट्री कवर को बढ़ाने में कृषि वानिकी की भूमिका पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।
  - अहमद, तौकीर। सुदूर संवदेन और जीआईएस का प्रयोग करते हुए कृषि वानिकी के अंतर्गत क्षेत्र आकलन।
- दिनांक 16-20 नवंबर, 2015 के दौरान नई दिल्ली में भाकृअनुप, आईएफपीआरआई एवं एसएसी द्वारा आयोजित जलवायु अनुकूल कृषि के लिए स्मार्ट विधियाँ : कृषि वानिकी विकल्प पर सार्क क्षेत्रीय प्रशिक्षण।
  - प्रसाद, राजेन्द्र। अभिकल्पना संसाधन सर्वर और सांख्यिकीय विज्ञान पर अन्य वेब संसाधन।
- दिनांक 20-29 नवंबर, 2015 के दौरान भाकृअनुप-मृदाविज्ञान संस्थान में आयोजित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और जलवायु प्रबंधन प्रशमन में भू-सूचना विज्ञान पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।
  - साहू, प्राची मिश्रा। (i) भौगोलिक सूचना प्रणाली के मूल सिद्धांत और (ii) स्थानिक डाटा विश्लेषण के लिए सांख्यिकी।
- दिनांक 24 नवंबर, 2015 को एनबीएफजीआर, लखनऊ में आयोजित उच्च थ्रोपुट संगणन सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए जिनोमिक और प्रोटियोमिक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।
  - दाश, सुकांत। जेएमपी जिनोमिक - एक ओवरव्यू।

- दिनांक 28 नवंबर, 2015 को कृषि आर्थिकी प्रभाग, भाकृअसं, नई दिल्ली में सांख्यिकीय क्रियाविधियों के लिए एसएएस पर प्रशिक्षण कार्यक्रम
  - प्रसाद, राजेन्द्र। अभिकल्पना संसाधन सर्वर और भारतीय एनएआरएस संगणन पोर्टल।
- दिनांक 08-10 दिसंबर, 2015 के दौरान सीएसआईआर, उत्तर-पूर्वी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, जोरहाट, असम में आयोजित संगणनात्मक अप्रोच के जरिए जीवविज्ञानी डाटा विश्लेषण पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला।
- इकबाल, एम ए (i) डाटा क्लीनिंग और प्री-प्रॉसेसिंग, (ii) जिनोम असेम्बली, (iii) ट्रांसक्रिप्टॉम अनुक्रमण विश्लोण और (iv) माइक्रो आरएनए पूर्वानुमान तथा इसकी लक्षित पहचान (व्याख्यान और व्यावहारिक प्रशिक्षण)।
- कुमार, दिनेश (i) जीवाण्विक मार्कर खोज, (ii) जिनोम एनोटेशन और (iii) मेटाजिनोम विश्लेषण (व्याख्यान और व्यावहारिक प्रशिक्षण)।
- दिनांक 18 दिसंबर, 2015 को जगन्नाथ अतरराष्ट्रीय प्रबंधन स्कूल (जेआईएमएस) वसंत कुंज, नई दिल्ली में सांख्यिकीय डाटा के विश्लेषण के लिए अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, सांख्यिकीय विश्लेषण और एसपीएसएस का प्रयोग
  - जग्गी, सीमा। (i) परिकल्पना का परीक्षण और (ii) एसपीएसएस का प्रयोग करते हुए परिकल्पना का परीक्षण।
  - वर्गीस, एल्दो (i) एसपीएसएस : एक ओवरव्यू और (ii) एसपीएसएस का प्रयोग करते हुए विवरणात्मक सांख्यिकी और अन्वेषणात्मक डाटा विश्लेषण।
- दिनांक 19 दिसंबर, 2015 को कृषि आर्थिकी प्रभाग, भाकृअनुप-भाकृअसं, नई दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम
  - सिंहा, कंचन। एसएएस का प्रयोग करते हुए काल-श्रृंखला विश्लेषण।

**प्रस्तुत किए गए शोध पत्र**

- दिनांक 05-06 अक्टूबर, 2015 के दौरान एसएचआईएटीएच, इलाहाबाद में कृषि और स्वास्थ्य में जैवसूचना विज्ञान परिदृय पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एनसीबीपीएएच 2015)
  - कुमार, दिनेश। कृषि जैवसूचना विज्ञान की वैश्विक स्थितिः चुनौतियाँ एवं मुद्दे।
- दिनांक 05-07 अक्टूबर, 2015 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित जैवप्रौद्योगिकी पर छठा विश्व सम्मेलन
  - मेहर, पी के। उच्च यथार्थता के साथ 5' सप्लाईसिंग जंक्शन की पहचान के लिए एक हाइब्रिड पद्धति।
- दिनांक 28-30 नवंबर, 2015 के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित समानता स्थिरता और विकास के लिए सांख्यिकीय और संबंधित क्षेत्रों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन
  - आलम वसी। चावल की उपज के पूर्वानुमान के लिए हाइब्रिड बहुचर काल-श्रृंखला पद्धति।
- दिनांक 02-04 दिसंबर, 2015 के दौरान सीआईएफई, मुम्बई में आयोजित कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ का 23वाँ वार्षिक सम्मेलन
  - पॉल, आर के*, सक्सेना, आर, चौरसिया, एस, जीष्ठान एवं राणा, एस। भारत में प्याज के घरेलू और निर्यात मूल्यों के बीच मूल्य में उतार-चढ़ाव और सहलग्नताओं में निर्यात उतार-चढ़ाव, संरचनात्मक बाधाओं की समीक्षा
  - राय, मृणमॉय। अरिमा-इंटरवेशन मॉडल का प्रयोग करते हुए भारत में खरीफ चावल उपज के जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का मात्रीकीकरण।
- दिनांक 02-05 दिसंबर, 2015 के दौरान भारतीय विद्यापीठ, नई दिल्ली में आयोजित भारतीय संगणक सोसायटी (सीएसआई) का "डिजीटल लाइफ" पर 50वाँ स्वर्ण जयंती वार्षिक सम्मेलन।
  - चतुर्वेदी, के के*, खत्री, एस, शर्मा, एम, श्रीवास्तव, आर सी एवं सिंह, वी बी। माइनिंग सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग रिपोजिटरीज : मुद्दे एवं चुनौतियाँ।
  - देब, चंदन कुमार, सुदीप*, अरोड़ा, अलका एवं दास, मधुरिमा। वर्गीकी डाटा से व्यक्तिवृत्तीय (ऑन्टोलॉजी) लर्निंग के लिए एक फ्रेमवर्क।
- दिनांक 14-15 दिसंबर, 2015 के दौरान इण्डिया हैबीटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित बिग डाटा बैंच मार्किंग पर 7वीं अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला
  - प्रसाद, राजेन्द्र, दंडापानी, ए*, ओबी रेड्डी, जी पी, सहगल, वी के, कुमार, मुकेश एवं चौबे, ए के। ज्ञान प्रबंधन के लिए भाकृअनुप अनुसंधान डाटा रिपोजिटरी।
  - राय, ए, फारुकी, एम एस, लाल, एस बी एवं अंगदी, यू बी। कृषि सूचना विज्ञान में बिग डाटा पहलें। (आमंत्रित वार्ता)।

- दिनांक 14-16 दिसंबर, 2015 के दौरान कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में आयोजित भारतीय कृषि सांख्यिकीय सोसायटी, नई दिल्ली का 69वाँ वार्षिक सम्मेलन
  - अंगदी, यू बी। फीड सूचना विज्ञान : पशु आहार संसाधनों पर अनुप्रयोग सूचना प्रौद्योगिकी।
  - अर्पण भौमिक*, एल्दो वर्गीस, सीमा जग्गी एवं सिनी वर्गीस। रन अनुक्रमों में न्यूनतम बदलावों के साथ बहुउपादानी परीक्षण।
  - भारद्वाज, एस पी*, गुरुंग, बिशाल एवं सिंह, के एन। बाजार के संव्यवहार का अध्ययन और कृषि जिंसों में मूल्य परिवर्तन।
  - चन्द्र, एच। लघु क्षेत्र स्तर पर गरीबी और सामाजिक बहिष्कार संकेतकों का आकलन।
  - चौबे, ए के। जैवसूचना विज्ञान के क्षेत्र में नई चुनौतियाँ।
  - गुप्ता, ए के*, सूद, यू सी, चन्द्र, हुकुम, अहमद, तौकीर, साहू, प्राची मिश्रा, आदित्य कौस्तव एवं बिश्वास, अंकुर। प्रमुख खाद्य फसलों के बीच, फीड और बर्बादी अनुपातों का आकलन।
  - गुरुंग, बिशाल एवं सिंह, के एन। प्रौद्योगिकी के पूर्वानुमान की मॉडलिंग और अनुकार प्रकरण।
  - गुरुंग, विशाल* एवं सिंह, के एन। समय परिवर्ती पद्धति का प्रयोग करते हुए हेज अनुपात का आकलन।
  - जग्गी, सीमा। कृषि सांख्यिकीय में प्रशिक्षण और स्नोतकोत्तर प्रशिक्षण में चुनौतियाँ।
  - कुमार, मुकेश*, भारद्वाज, अंशु, अरोड़ा, अलका, मारवाह, सुदीप, राव, एन. श्रीनिवास, इस्लाम, एस एन, आहूजा, संगीता एवं चौबे, ए के। भाकृअनुप में आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन का कार्यान्वयन।
  - कुमार, प्रकाश*, लाल, कृष्ण प्रसाद, राजेन्द्र एवं गुप्ता, वी के। कन्फाउंडेड असममित बहुउपादानी नीडित पंक्ति स्तंभ अभिकल्पनाओं का निर्माण।
  - लाल, एस बी। कृषि में मोबाइल कलाउड संगणन का प्रयोग।
  - मंडल, बी एन*, गुप्ता, वी के एवं प्रसाद, राजेन्द्र। एक इष्टतम संतुलित ट्रीटमेंट अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना का एल्गोरिथ्म विधि से निर्माण।
  - मंडल, बी एन। नॉन-नेगेटिव सामान्यीकृत रैखिक मॉडलों के लिए एल-1 रेगुलेराइज्ड बहुप्रयोजनीय इटिरेटिव पाथ।
  - पॉल, आर के। लॉग मैमोरी स्टॉकेस्टिक वोलेटिलिटी मॉडल : एक अनुप्रयोग।
  - राव, एन. श्रीनिवास, मारवाह, सुदीप, रविशंकर, एच. एवं शिवराजू, के। तंबाकू में ज्ञान आधारित और रोग पहचान तंत्र।
  - राय, मृणमॉय, राय, अनिल, सिंह, के एन, वी, रामासुब्रमनियम, कुमार, अमरेन्द्र एवं राठौर, संतोष। काल श्रृंखला अंतरक्षेप आधारित प्रवृत्ति प्रभाव विश्लेषण का प्रयोग करते हुए प्रौद्योगिकी पूर्वानुमान के लिए एक नवीनतम पद्धति।
  - सिंहा कंचन* एवं गुरुंग, बिशाल। भारत के प्याज बाजारों में मूल्य में उतार-चढ़ाव के संघात का आकलन करने हेतु एक पद्धति।
  - सूद, यू सी एवं गुप्ता, वी के। जीपी स्तर पर फसल क्षेत्र आकलन के लिए इष्टतम प्रतिदर्श आकार का निर्धारण।
  - सूद, यू सी एवं गुप्ता, वी के। प्रतिदर्श सर्वेक्षण आकलन में अंशांकन पद्धति।
- दिनांक 20-24 दिसंबर, 2015 के दौरान यशवंत राव चौहान विकास प्रशासन अकादमी (यशादा), पुणे महाराष्ट्र में सांख्यिकीय विभाग, सावित्री बाई फूले, पुणे विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित बिग एवं स्मॉल डाटा के युग में सांख्यिकीय अभिनव और प्रभाव को सेलिब्रेट करने हेतु अंतरराष्ट्रीय भारतीय सांख्यिकीय संघ का सम्मेलन :
  - चंद्र, एच*, सालवती, एन और चैम्बर्स, आर. (2015)। क्षेत्र स्तरीय स्थानिक मॉडलों के अंतर्गत विविक्त डाटा के लिए लघुक्षेत्र आकलन (आमंत्रित वार्ता)।
  - वर्गीस, सिनी*, कुमार, अरविंद, वर्गीस, एल्दो एवं जग्गी, सीमा। त्रि-मार्गीय ब्लॉकिंग संरचना, जहाँ परीक्षण इकाइयाँ कल्म्प बनाती हैं, के अंतर्गत सांख्यिकीय अभिकल्पनाएँ।
- दिनांक 28-31 दिसंबर, 2015 के दौरान सांख्यिकी विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रायिकता और सांख्यिकीय पर 9वीं अंतरराष्ट्रीय त्रि-वर्षीय कलकत्ता संगोष्ठी
  - भौमिक, अर्पण, वर्गीस, एल्दो, जग्गी, सीमा एवं वर्गीस, सिनी। न्यूनतम रूप से परिवर्तित रन अनुक्रमों के साथ सम्मित बहुउपादानी परीक्षण।

- मंडल, बी एन, प्रसाद, राजेन्द्र* एवं गुप्ता, वी के। पूर्णांक प्रोग्रामिंग के जरिए अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पनाओं का निर्माण (दिनांक 29.12.2015 को आमंत्रित व्याख्यान प्रदान किया गया)।
- पाल, सौमन। मानसून के दौरान मासिक वर्षा की मात्रा की मॉडलिंग और पूर्वानुमान की कृत्रिम नेटवर्क स्व-समाश्रयण विधि।
- पॉल, आर के। भारत में अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान श्रृंखलाओं में लॉग मैमोरी।

**सहभागिता**

**सम्मेलन/ कार्यशालाएँ/ प्रशिक्षण/ सेमिनार/ संगोठियाँ आदि**

- दिनांक 05-06 अक्टूबर, 2015 के दौरान एसएचआईएटीएस, इलाहाबाद में कृषि और स्वास्थ्य में जैवसूचना विज्ञान (एनसीबीपीएच 2015) परिदृश्य पर राष्ट्रीय सम्मेलन (डॉ. एम ए इकबाल)।
- दिनांक 10 अक्टूबर, 2015 को प्रबंधन शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (एमईआरआई) भारतीय संगणक सोसायटी (सीएसआई) दिल्ली चेप्टर द्वारा आयोजित साइबर सुरक्षा : मुद्दे एवं चुनौतियाँ पर 15वाँ राष्ट्रीय आईटी सेमिनार (डॉ. अलका अरोड़ा एवं डॉ. सुदीप)।
- दिनांक 16-18 अक्टूबर, 2015 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित विस्तार अनुसंधान इंटरफेस - निर्यात योग्य चावल किस्मों का प्रोन्नयन और एक स्थायी विकास मॉडल के विकास पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (डॉ. के एन सिंह)।
- दिनांक 03 अगस्त से 02 नवंबर, 2015 के दौरान सांख्यिकीय विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता में प्रोफेशनल अटेचमेंट प्रशिक्षण (श्री सुनील कुमार यादव)।
- दिनांक 30-31 अक्टूबर, 2015 के दौरान भाकृअनुप-एआईएपी, नई दिल्ली में बाजार आसूचना पर राष्ट्रीय परियोजना की समीक्षा कार्यशाला (डॉ. आर के पॉल)।
- दिनांक 03 नवंबर, 2015 को डॉ. बी पी पाल ऑडिटोरियम, भाकृअसं, नई दिल्ली में एएसआरबी का 42वाँ स्थापना दिवस समारोह (डॉ. यू सी सूद, डॉ. ए के गुप्ता एवं डॉ. मुकेश कुमार)।
- दिनांक 27 नवंबर, 2015 को विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली में टीआईएफएसी द्वारा आयोजित पूर्वदर्शी पद्धतियाँ - थ्योरी एवं प्रेक्टिसिस पर कार्यशाला (श्री मृणमॉय राय एवं श्री संतोष राठौर)।

**बैठकें**

- दिनांक 06 अक्टूबर, 2015 को कोयम्बटूर में चाय के उत्पादन के लागत के आकलन के लिए पद्धति विकसित करने हेतु भारतीय चाय बोर्ड द्वारा आयोजित बैठक (डॉ. अनिल राय)।
- दिनांक 16 अक्टूबर, 2015 को सीआईआरबी, हिसार में आयोजित कैबिन स्कीम के अंतर्गत "भैंसों में निष्पादन गुणों के संदर्भ में आनुवांशिक विविधता की संगणनात्मक पहचान और मॉडलिंग" शीर्षक उप-परियोजना के भावी कार्य की प्रगति समीक्षा और नियोजन से संबंधित बैठक (डॉ. डी सी मिश्रा)।
- दिनांक 29 अक्टूबर, 2015 को भाकृअनुप-आईआईएचआर में आयोजित एनपीटीसी परियोजना (बागवानी) की बैठक (डॉ. अनिल राय)।
- दिनांक 31 अक्टूबर, 2015 को सीसी माजी ऑडिटोरियम, एनआईएपी में नीति आयोग के सदस्य, प्रो. रमेश चन्द्र द्वारा "कृषि विकास के अगले स्तर के लिए नीतियाँ" पर वार्ता दी (डॉ. ए के गुप्ता)।
- दिनांक 04 नवंबर, 2015 को भाकृअसं, नई दिल्ली में समीक्षा बैठक (डॉ. ए के चौबे)।
- एफएओ द्वारा वित्तपोषित्त परियोजना "मिश्रित फसलों, पुनरावृत्त और निरंतर फसलीकरण के फसल क्षेत्र, उपज, उत्पादन के आकलन के लिए विधियों में सुधार लाने हेतु अध्ययन" के अंतर्गत विकसित पद्धति पर चर्चा करने के लिए दिनांक 04 नवंबर, 2015 को कृषि एवं मात्स्यिकी मंत्रालय, किंगस्टन, जमैका, एफएओ, जमैका के कार्मिकों के साथ स्काइप बैठक (डॉ. यू सी सूद, डॉ. तौकीर अहमद एवं डॉ. अंकुर बिश्वास)।
- दिनांक 06 नवंबर, 2015 को बी पी पाल ऑडिटोरियम बीपी पाल ऑडिटोरियम में भाकृअनुप-भाकृअसं के निदेशक की अध्यक्षता में भाकृअनुप द्वारा आयोजित "मेरा गाँव मेरा गौरव" कार्यक्रम का सुग्राहीकरण सत्र (डॉ. प्रवीण आर्या एवं डॉ. अंकुर बिश्वास)।
- एफएओ वित्तपोषित परियोजना के अंतर्गत भाकृसांअसं और एफएओ के बीच संशोधित बजट और अनुबंध पत्र पर चर्चा करने के लिए दिनांक 12 नवंबर, 2015 को एफएओ, रोम के कार्मिकों के साथ स्काइप बैठक (डॉ. यू सी सूद एवं डॉ. तौकीर अहमद)।

- एफएओ वित्तपोषित परियोजना के अंतर्गत विकसित पद्धति पर चर्चा करने के लिए दिनांक 13 नवंबर, 2015 को रवांडा के राष्ट्रीय सांख्यिकीय संस्थान (एनआईएसआर) किगाली, रवांदा, एफएओ रवांडा और एफएओ, रोम के कार्मिकों के साथ स्काइप बैठक (डॉ. यू सी सूद एवं डॉ. तौकीर अहमद)।
- दिनांक 18 नवंबर, 2015 को महालेनोविस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केंद्र (एमएनसीएफसी) पूसा कैम्पस, नई दिल्ली में अपर सचिव (कृषि एवं सहकारिता) की अध्यक्षता में आयोजित चमन परियोजना की दूसरी समीक्षा समिति की बैठक (डॉ. तौकीर अहमद)।
- दिनांक 24-25 नवंबर, 2015 के दौरान आईटीआरए की कार्यकारी समिति की छठी बैठक (डॉ. सुदीप)।
- दिनांक 25-27 नवंबर, 2015 के दौरान "प्रो. वैद्यनाथन समिति रिपोर्ट द्वारा संस्तुत प्रतिदर्श आकारों के आधार पर फसल क्षेत्र और उत्पादन के राज्य स्तरीय आकलन विकसित करने के लिए प्रायोगिक अध्ययन" परियोजना के अंतर्गत खरीफ मौसम 2015-16 के लिए डाटा संग्रहण कार्य के बारे में चर्चा करने के संबंध में अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय, गुवाहाटी, असम सरकार में डीईएस के निदेशक और डीईएस के जिला कार्मिकों के साथ बैठक (डॉ. अंशु भारद्वाज)।
- दिनांक 26 नवंबर, 2015 को धारवाड़ में "फसल उपज पूर्वानुमान में नूतन उन्नतियाँ" पर FASAL की बैठक की समीक्षा की गई और व्याख्यान दिया (डॉ. के एन सिंह)।
- दिनांक 28 नवंबर, 2015 को भाकृअनुप-भाकृअसं, नई दिल्ली में भाकृअनुप-भाकृअसं, नई दिल्ली के पीजी स्कूल के शिक्षण परिषद् की बैठक (डॉ. अनिल राय)।
- दिनांक 03 दिसंबर, 2015 को आयोजित इग्नू, नई दिल्ली में विज्ञान स्कूल बोर्ड की 55वीं बैठक (डॉ. राजेन्द्र प्रसाद)।
- दिनांक 05 दिसंबर, 2015 को ज्ञान प्रबंधन के लिए भाकृअनुप, अनुसंधान डाटा रिपोजटरी की पहली समीक्षा बैठक (सुश्री वंदिता के. चौधरी एवं श्री राजू कुमार)।
- दिनांक 09 दिसंबर, 2015 को कृषि भवन, नई दिल्ली में आयोजित 20वें पशुधन जनगणना 2017 की तकनीकी समिति की तीसरी बैठक (डॉ. ए के गुप्ता)।
- दिनांक 09 दिसंबर, 2015 को डीईएस, भुवनेश्वर में "प्रो. वैद्यनाथन समिति रिपोर्ट द्वारा संस्तुत प्रतिदर्श आकारों के आधार पर फसल क्षेत्र और उत्पादन के राज्यस्तरीय आकलन विकसित करने के लिए प्रायोगिक अध्ययन" परियोजना के अंतर्गत खरीफ मौसम 2015-16 के लिए डाटा संग्रहण कार्य के बारे में चर्चा करने के लिए डीईएस, उड़ीसा सरकार, भुवनेश्वर के कार्मिकों के साथ बैठक (डॉ. हुकुम चन्द्र एवं डॉ. कौस्तव आदित्य)।
- दिनांक 10 दिसंबर, 2015 को भाकृअसं के सहपाठियों के साथ मेरा गाँव मेरा गौरव (एमजीएमजी) के साथ बैठक (सुश्री वंदिता के चौधरी)।
- दिनांक 11 दिसंबर, 2015 को गरीबी आकलन के लिए डीईएस, ओड़िशा द्वारा प्रयोग की गई लघुक्षेत्र आकलन पद्धति पर परियोजना और भावी योजना तथा प्रस्तुतीकरण से संबंधित विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा करने हेतु "प्रो. वैद्यनाथन समिति रिपोर्ट द्वारा संस्तुत प्रतिदर्श आकारों के आधार पर फसल क्षेत्र और उत्पादन के राज्यस्तरीय आकलन विकसित करने के लिए प्रायोगिक अध्ययन" शीर्षक परियोजना के अंतर्गत परियोजना प्रबंधन समिति (टीएमसी) की बैठक (डॉ. हुकुम चन्द्र एवं डॉ. कौस्तुव आदित्य)।
- दिनांक 22 दिसंबर, 2015 को चण्डीगढ़ में हरियाणा राज्य में फसल आकलन सर्वेक्षणों पर उच्चस्तरीय समन्वय समिति (एचएलसीसी) की बैठक (डॉ. ए के गुप्ता)।

**प्रदान की गई परामर्शी/ सलाहकार सेवाएँ**

- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने प्रति ब्लॉक 33 प्लॉटों में {प्रत्येक तीन स्तरों पर किस्मों (वी), नाइट्रोजन (एन), फास्फोरस (पी) और पोटेशियम (के) के रूप में कारकों के साथ} $3^4$ बहुउपादानी परीक्षण के लिए एक एकल पुनरावर्तन में कन्फाउंडेड बहुउपादान के प्रयोग पर भाकृअनुप-भारतीय तेल ताड़ अनुसंधान संस्थान, पेडावेगी के वरिष्ठ वैज्ञानिक (फल विज्ञान), डॉक्टर बी रामाजयम को सलाह प्रदान की। अभिकल्पना को वीएनपीके की कन्फांउडिंग के पश्चात प्राप्त किया गया। यह अभिकल्पना सभी मुख्य प्रभावों के आकलन, द्वि-घटक अन्योन्यक्रियाओं और तीन घटक अन्योन्यक्रियाओं के आकलन में सुविधा प्रदान करती है। 4- घटक अन्योन्यक्रिया की फ्रीडम की दो डिग्रियों को ब्लॉकों के साथ कन्फाउंड किया गया और शेष 14 डीएफ को (4-घटक अन्योन्यक्रिया की अनुपस्थिति को मानकर) फ्रीडम की त्रुटि डिग्री के रूप में ट्रीट की गई। उन्हें इस अभिकल्पना से सृजित डाटा के विश्लेषण के लिए एसएएस कदमों पर भी सुझाव दिया गया।

- डॉ. यू के प्रधान ने 9 गुणों के साथ 24 किस्मों के लिए डाटा का विश्लेषण करने तथा करेक्टर टू करेक्टर अन्योन्यक्रिया, डी–स्क्वेयर, मनोवा, जिनोटाइपिक और फिनोटाइपिक सहसंबंध, वंशागतित्ववा, आनुवांशिक उन्नति और पाथ विश्लेषण की संगणना करने हेतु आईजीएफआरआई, झांसी के वैज्ञानिक श्री ए मेती को सलाह प्रदान की।
- डॉ. वसी आलम ने (i) गुच्छन विश्लेषण का प्रयोग करते हुए बहुचर डाटा के विश्लेषण के लिए आईआईपीआर, कानपुर के वैज्ञानिक, डाक्टर हेमंत कुमार को और (ii) ऑडिनल डाटा के बहुचर विश्लेषण के लिए बीज विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रभाग, भाकृअसं, नई दिल्ली की पीएच.डी. स्कॉलर, सुश्री अर्चना सन्याल को सलाह प्रदान की।
- डॉ. एल्दो वर्गीस ने 27 ब्लॉकों (प्रत्येक का आकार 10) के साथ 2 पुनरावर्तनों में 270 जीन प्ररूपों की तुलना करने के लिए á–अभिकल्पना के प्रयोग के लिए आनुवांशिकी विभाग, भाकृअनुप–भाकृअसं, नई दिल्ली के वैज्ञानिक, डाक्टर सलेन्द्र झा को सलाह प्रदान की। उन्हें अभिकल्पना का लेआउट भी दिया गया। उन्होंने आनुवांशिकी प्रभाग, भाकृअनुप–भाकृअसं, नई दिल्ली की एम.एससी छात्रा, सुश्री सोमैया को न्यून फास्फोरस वाली मृदा और हाइड्रोपोनिक में फास्फोरस के उपयोग की दक्षता को बढ़ाने के लिए गेहूँ जननद्रव्य के फिनोटाइप रेफरेंस सेट के संबंध में $v = 100$, $b = 20$, $r = 2$, $k = 10$, $AE = 0.9308$, $DE = 0.9698$ प्राचलों के साथ अल्फा अभिकल्पनाओं का सुझाव दिया। लेआउट को भाकृअनुप–भाकृसांअसं की वेबसाइट (http://iasri.res.in/design/) में स्थापित अभिकल्पना संसाधन सर्वर से सष्टजित किया गया।
- श्री पी के मेहर ने आर–सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए डाटा के विश्लेषण के लिए इटरनल विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश के सहायक प्रोफेसर, डॉ. राहुल कुमार को सलाह प्रदान की। तीन पुनरावर्तनों के साथ गेहूँ की 20 किस्मों के जरिए लौह तत्व और जिंक तत्व के लिए आरबीडी विश्लेषण किया गया। इसके अलावा, स्वतंत्र चर के रूप में ग्रेन स्तर पर जिंक (लौह) तत्व के साथ तथा स्वतंत्र चरों के रूप में पादपों के 9 भिन्न स्तरों पर जिंक (लौह) तत्व के साथ रैखिक लॉजिस्टिक समाश्रयण विश्लेषण किया गया। इसके अतिरिक्त, पादपों के विभिन्न स्तरों पर जिंक (लौह) तत्व की प्रवृत्ति का अध्ययन भी किया गया।
- श्री प्रकाश कुमार ने पीसीए का प्रयोग करते हुए डाटा के विश्लेषण के लिए भाकृअसं, नई दिल्ली के पीएच.डी छात्र, श्री विजय प्रजापति को सलाह प्रदान की।
- डॉ. अर्पण भौमिक ने टमाटर में सॉफ्ट रॉट की कोरम सेंसिंग समर्थित जीवाणु रोगजनकता पर जलवायु परिवर्तन चरों के प्रभाव (संवर्धित $CO_2$ के छः भिन्न संयोजन और विभिन्न उपचार संयोजनों के रूप में संवर्धित तापमान) का अध्ययन करने हेतु बहुउपादानी परीक्षणों के प्रयोग पर पर्यावरण विज्ञान और जलवायु अनुकूल कृषि केंद्र (सीईएससीआरए) भाकृअनुप–भाकृअसं, नई दिल्ली के वैज्ञानिक, डॉ. नमिता दास साह को सलाह प्रदान की। परीक्षण को राष्ट्रीय फाइट्रॉन फेसिलिटी लेब, भाकृअनुप–भाकृअसं, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

## कार्मिक

### आपकी नियुक्ति पर बधाई

| नाम | पदनाम | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| श्री रविन्द्र सिंह शेखावत | वैज्ञानिक | 12.10.2015 |

### आपकी पदोन्नति पर बधाई

| नाम | पदनाम | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| डॉ. अंशु भारद्वाज | वैज्ञानिक (आगामी उच्च आरजीपी) | 17.11.2010 |
| श्री संजीव कुमार | वैज्ञानिक (आगामी उच्च आरजीपी) | 21.08.2011 |
| डॉ. बी एन मंडल | वैज्ञानिक (आगामी उच्च आरजीपी) | 10.02.2013 |
| श्री रघुवर दत्त | सहा. प्रशासनिक अधिकारी | 26.11.2015 |
| श्रीमती चन्द्र कला बकोलिया | सहायक | 28.11.2015 |
| श्री खुशियाल | सहायक (तीसरी एमएसीपी) | 20.12.2015 |

### सेवानिवृत्त जीवन के लिए आपको शुभकामनाएँ

| नाम | प्रदनाम | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| श्रीमती सुषमा गुप्ता | सहा. प्रशासनिक अधिकारी | 31.10.2015 |





**संकलन और संपादन**

यू सी सूद, अजित, नरेश चंद, विजय बिंदल, पी पी सिंह और अनिल कुमार

**प्रकाशक**

निदेशक, भा.कृ.अनु.प.–भा.कृ.सां.अनु.सं.

लाइब्रेरी एवेन्यू, पूसा, नई दिल्ली–110 012 (भारत)

**ई–मेल:** director@iasri.res.in, director.iasri@icar.gov.in

pme@iasri.res.in, pme.iasri@icar.gov.in

**वेबसाइट** : www.iasri.res.in

दूरभाष: +91 1125841479

**फैक्स:** +91 11 25841564